महत्वपूर्ण एवं खास

आंगनबाड़ी केन्द्र बरपाली में रिक्त सहायिका पद के लिए अनंतिम सूची जारी

20 फरवरी तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बरपाली क्रमांक 2 में रिक्त सहायिका पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा जांच परीक्षण उपरांत प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)के कार्यालय में 20 फरवरी 2023 सायं 5 बजे तक लिखित में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

लोहे की पाइप से हमला कर युवक की हत्या, आरोपी हिरासत में

रायपुर (आरएनएस)। धरमनगर स्थित सुमीत कॉम्पलेक्स के पास मामूली बात पर लोहे की पाइप से मारकर युवक की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमेश उर्फ बालाजी मुरमे 35 वर्ष शिवपार्क कालोनी अमलेश्वर का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल रात सुमीत कॉम्पलेक्स के पास आरोपी रोमन लाल कन्नौजे 44 वर्ष ने खाना खर्च नहीं देने की बात पर रमेश से विवाद करने लगा। जिसके बाद आरोपी ने लोहे की पाइप से रमेश के सीर पर मारकर हत्या कर दिया। मामले में टिकरापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी को हिरासत में लिया है।

लोन दिलाने का झांसा देकर 1 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। 15 लाख का लोन दिलाने का झांसा देकर युवक के खाते से 1 लाख 55 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रीन वैली विशाल नगर तेलीबांधा निवासी प्रार्थी डॉ. व्ही. किरण पल्लीवार 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राहुल शर्मा ने खुद को बजाज फायनेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर प्रार्थी को 15 लाख रुपए लोन दिलाने का झांसा दिया। जिससे प्रार्थी उसके झांसे में आ गया। आरोपी के बताए अनुसार प्रार्थी ने आरोपी के खाते में 1 लाख 55 हजार जमा कर दिया। जब काफी दिनों तक लोन नहीं दिलाया, तो प्रार्थी ने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कंपनी से हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर (आरएनएस)। भनपुरी स्थित उड़िसा कांक्रीट एंड एलाइड इंडस्ट्रीज के दीवाल फांदकर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज हिकया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उपेन्द्र कुमार राय 34 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका भनपुरी में उड़िसा कांक्रीट एंड एलाइड इंडस्ट्रीज भनपुरी में कंपनी है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने कंपनी के दीवाल फांदकर मोटर, केबल वायर, एंगल व चेनल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 57 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बच्चों को बेहतर कैरियर काउंसलिंग देने की दिशा में करें काम -प्रभारी सचिव

- भोजन एवं पढ़ाई के अलावा आंगनबाड़ी के बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण पर दें ध्यान
- प्रभारी सचिव साहू ने कृषि संबंधी महत्वपूर्ण योजनाओं पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश
- प्रभारी सचिव साहू ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रबंध संचालक, वेयर हाऊसिंग लिमिटेड रायपुर धर्मेश कुमार साहू ने नवगठित जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कार्यालय सभाकक्ष में पहली बार विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए विभागवार कार्यो की जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने प्रभारी सचिव को नवगठित जिले की स्थापना संबंधित सामान्य जानकारी दी।

प्रभारी सचिव साहू ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा की। सीएमएचओ सारंगढ़ ने हाट बाजार, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना एवं सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान संबंधी जानकारी दी। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रहे कार्यो की जानकारी दी। प्रभारी सचिव साहू ने आंगनबाड़ी के बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण को लेकर सुझाव दिया कि जो बच्चे 3 से 6 साल के हैं, उनके लिए हम सुनिश्चित करें कि वे कपड़े एवं जूते ढंग से पहने, साथ ही वे अच्छे से अपने आप को आत्मविश्वास के साथ पेश कर सकें, बोल सकें। उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती संबंधी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को बच्चों को बेहतर कैरियर काउंसलिंग देने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृष्ण कुंज योजना के बारे में चर्चा की, डीएफओ ने इस योजना के अंतर्गत रोपित किए जा रहे वृक्षों की जानकारी दी।

प्रभारी सचिव साहू ने खाद्य विभाग के कार्यो की समीक्षा की। खाद्य विभाग के अधिकारी ने धान खरीदी, पीडीएस, राशन कार्ड संबंधी जानकारी दी। प्रभारी सचिव साहू ने समस्याओं के बारे में पूछा एवं संयुक्त नाम से अगर कोई किसान अलग होना चाह रहा हो तो उसे तत्काल अलग करने को कहा, साथ ही ऐसे मामलों के निराकरण के लिए बटांकन का अभियान चलाने के निर्देश दिए। खाद्य अधिकारी ने पॉस मशीन में कनेक्टिविटी और सर्वर की समस्या से प्रभारी सचिव को अवगत कराया। इसके पश्चात् प्रभारी सचिव साहू ने सड़क निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए एनएच, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, नगर पालिका के अंतर्गत सड़कों के बारे में जानकारी ली एवं सड़क निर्माण के समय सड़क के किनारों के गड्ढों को मिट्टी के बदले मुरूम से फीलिंग करने के निर्देश दिए ताकि सड़क की मजबूती बनी रहे एवं दुर्घटना की संभावना कम हो।

प्रभारी सचिव साहू ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यो की जानकारी ली। जनपद सीईओ ने वर्मी खाद संग्रहण एवं गोमूत्र से ब्रह्मास्त्र और जीवामृत निर्माण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने रीपा के अंतर्गत प्रस्तावित गौठानों में काम शुरू करने को कहा, साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी को मिलेट मिशन के अंतर्गत हो रहे फायदे का प्रचार-प्रसार करने को कहा। पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कृत्रिम गर्भाधान के कार्यों की सराहना की एवं गांवों को चिन्हित कर निरंतर बेहतर कार्य करने को कहा। प्रभारी सचिव साहू ने अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की साथ ही धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना, महतारी दुलार योजना, नरेगा, जल जीवन मिशन, नल-जल योजना, सरस्वती साइकिल योजना, शिक्षा का अधिकार, बाल सुरक्षा केन्द्र, संजीवनी एक्सप्रेस इन योजनाओं पर चर्चा की, साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी की कृषि संबंधी महत्वपूर्ण योजनाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल एवं डॉ स्निग्धा तिवारी, एसडीएम के.एल.सोरी एवं मोनिका वर्मा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्व कार्यों की ली जानकारी

जिले के प्रभारी सचिव धर्मेश कुमार साहू ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली एवं राजस्व अधिकारियों को सभी गांवों में मुनादी करवाकर सप्ताह में प्रतिदिन गांव में जाकर नामांतरण, रिकॉर्ड दुरुस्ती, ऋण पुस्तिका अपडेट, बंटवारा, बटांकन, फौती वितरण, नकल वितरण से संबंधित प्रकरणों का आंकड़ा निकालकर उन मामलों का निराकरण करने को कहा। इसके साथ ही नामांतरण पंजी में दर्ज आदेश और दुरुस्ती पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने डायवर्सन के विषय में चर्चा की। साथ ही रिकॉर्ड दुरुस्ती की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए।

पीडीएस के तहत माह फरवरी के लिए 5,148 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन

रायपुर (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशन कार्डों में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत केरोसिन प्रदाय किए जाने निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली से वर्ष 2023 के चतुर्थ तिमाही के लिए प्राप्त केरोसिन आबंटन में से 5,148 किलोलीटर केरोसिन का छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्ड एवं हाकर्स के लिए माह फरवरी 2023 के लिए उचित मूल्य दुकानवार आनलाईन आबंट जारी कर दिया गया है। इसमें पीडीएस के लिए 5099 और हाकर्स के लिए 48.95 किलोलीटर केरोसिन सामिल है। इस आशय का पत्र खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों और ऑयल उद्योग के राज्य स्तरीय समन्वयकों को भेज दिया गया है।

खाद्य विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पीडीएस के तहत प्रचलित सभी अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले राशन कार्डो को पात्रता होगी। नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्ड धारियों के लिए अधिकतम 2 लीटर केरोसिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्ड धारियों को अधिकतम 3 लीटर तथा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्ड धारियों को अधिकतम 2 लीटर की पात्रता होगी। वहीं हॉकर्स को 85 लीटर के मान से पृथक आबंटन जारी किया गया है। हॉकर्स को निर्धारित उचित मूल्य दुकान के समक्ष खड़े होकर हॉकर्स से राशन कार्डधारियों को केरोसिन वितरित कराने को कहा गया है।

माह फरवरी के लिए जिलेवार केरोसिन आबंटन इस प्रकार है। बस्तर जिले के लिए 264 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है। इसी प्रकार बीजापुर जिले के लिए 96 किलोलीटर, दन्तेवाड़ा जिले के लिए 96 किलोलीटर, कांकेर जिले के लिए 240 किलोलीटर, कोंडागांव जिले के लिए 204 किलोलीटर, नारयणपुर जिले के लिए 48 किलोलीटर, सुकमा जिले के लिए 108 किलोलीटर, बिलासपुर जिले के लिए 240 किलोलीटर, गौरला-पेंड्रा-मरवाही जिले के लिए 48 किलोलीटर, जांजगीर-चांपा जिले के लिए 132 किलोलीटर, कोरबा जिले के लिए 132 किलोलीटर, मुंगेली जिले के लिए 108 किलोलीटर, रायगढ़ जिले के लिए 144 किलोलीटर, बालोद जिले के लिए 96 किलोलीटर, बेमेतरा जिले के लिए 120 किलोलीटर, दुर्ग जिले के लिए 156 किलोलीटर, कवर्धा जिले के लिए 132 किलोलीटर, राजनांदगांव जिले के जिए 96 किलोलीटर, बलौदा बाजार भाटापारा 144 किलोलीटर, धमतरी जिले के लिए 96 किलोलीटर, गरियाबंद जिले के लिए 300 किलोलीटर, महासमुंद जिले के लिए 132 किलोलीटर, रायपुर जिले के लिए 228 किलोलीटर, बलरामपुर जिले के लिए 300 किलोलीटर, जशपुर जिले के लिए 336 किलोलीटर, कोरिया जिले के लिए 108 किलोलीटर, सरगुजा जिले के लिए 348 किलोलीटर, सूरजपुर जिले के लिए 324 किलोलीटर, सक्ती जिले के लिए 96 किलोलीटर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लिए 108 किलोलीटर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिए 84 किलोलीटर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के लिए 48 किलोलीटर और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के लिए 36 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है।

गृह विभाग ने 13 उपपुलिस अधीक्षकों के तबादले किए

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन गृह मंत्रालय महानदी भवन द्वारा अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज 13 उपपुलिस अधीक्षकों के तबादले किए गए। तबादले से प्रभावित उपपुलिस अधीक्षकों की सूची निम्नानुसार है। लीलाशंकर कश्यप उपपुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर से पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय दुर्ग, गोपाल कुमार वैश्य उपपुलिस अधीक्षक कबीरधाम से उपपुलिस अधीक्षक गरियाबंद, शेर सिंह बंदे उप पुलिस अधीक्षक गरियाबंद से उपपुलिस अधीक्षक कबीरधाम, विशाल सोन उपपुलिस अधीक्षक दुर्ग से दंतेवाड़ा, तोबियस खाखा चांपा से उ.पु.अ. (बाल विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा) रेल, रायपुर, बेहराराम टंडन उपपुलिस अधीक्षक कांकेर से बिलासपुर कृष्ण कांत बाजपेयी उपपुलिस अधीक्षक दुर्ग से उप पुलिस अधीक्षक धमतरी, सत्यप्रकाश तिवारी उपपुलिस अधीक्षक रायपुर से डीसीबी रायपुर, मोहम्मद मोहसिन खान धमतरी से कांकेर, सुशांतो बनर्जी उपपुलिस अधीक्षक रायगढ़ से रायपुर, कौशल्या साहू बिलासपुर से बेमेतरा, श्रीमती इफ्फत आरा खैरानी रायपुर से खैरागढ़ छुईखदान गंडई एवं यदुमणी सिदार उपपुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा से चांपा।

ट्रोल पंप में नकली पिस्टल लहराने वाले गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा

बिलासपुर (आरएनएस)। लूटपाट की नीयत से पेट्रोल पंप में नकली पिस्तौल लहरा कर पत्थरबाजी करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक दिव्यांग है तथा एक नाबालिग भी शामिल है।

तखतपुर इलाके के जूनापारा चौकी क्षेत्र में स्थित ग्राम भौराकछार के पेट्रोल पंप में पहुंचे कार सवारों ने कल रात नकली बंदूक की नोक पर लूटपाट करने की कोशिश की। आरोपियों ने पहले कर्मचारियों को कट्टा दिखाकर डराया और जब उन्हें पता चला कि सीसीटीवी में उनकी हरकत रिकॉर्ड हो रही है तो पत्थरबाजी कर कैमरा तोडने की कोशिश की। इस बीच पेट्रोल पंप के ऑफिस का दरवाजा बंद कर कर्मचारी छिप गए। इसके बाद आरोपी खुद ही कार में सवार होकर फरार हो गए। उनके जाने के बाद घटना की सूचना कर्मचारियों ने जूनापारा पुलिस चौकी में दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी नंबर और फिर उसके आधार पर आरोपियों को पहचान लिया और कुछ ही घंटों के भीतर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कार की ड्राइविंग सीट पर बैठा एक आरोपी लंगड़ा कर चल रहा था। उसने भी उतर कर पत्थरबाजी की थी। गिरफ्तार गौरव मिश्रा (18 वर्ष), दीपक मिश्रा (22 वर्ष) और अमित नवरंग (22 वर्ष) सभी जूनापारा के भीमपुरी चौक के रहने वाले हैं। घटना में शामिल 16 साल के नाबालिग को भी पकड़ा गया है। इनसे नकली पिस्तौल, नकली कारतूस, चाकू और घटना में उपयुक्त कार जब्त की गई है।

शहर के नजदीक पहुंचा हाथियों का दल, गांवों में भारी दहशत, 30 गांवों में स्कूल बंद : हाथियों की दहशत ने अफसरों को उतारा मैदान पर

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ शहर के नजदीक हाथियों का दल पहुंचने से आसपास के गांवों में दहशत मची है। इसी बीच हाथियों के झुंड का जायजा लेने के लिए राजधानी रायपुर से एडिशनल क्कष्टष्टस्न कौशलेंद्र कुमार बिलासपुर पहुंचे।

वहीं ्रक्कष्टष्टस्न कुमार ने हाथी सम्बंधित गाइड लाइन का पालन करने के दिए निर्देश। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के 30 गांवों के स्कूलों को बंद कराया गया है। गांवों में लाइट

बंद रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि हाथियों का झुंड आसानी से आगे बढ़ सके।

सोंठी परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 51 व 53 में हाथियों का दल हाथी विचरण कर रहा है। विभाग ने 100 से अधिक वनकर्मियों को मौके पर तैनात किया है। वनकर्मियों के मुताबिक सुबह से शाम तक आराम करते गजराज नजऱ आए और अंधेरा होने पर आसपास विचरण किए।

कोरबा शहर के नजदीक हरदीबाजार के रेकी के पास भ्री विचरण करते एक दर्जन हाथियों के झुंड और 6 नन्हें शावकों को ग्रामीणों ने देखा। इससे इलाके में खौफ का माहौल है। ये हाथियों का दल बिलासपुर सीपत के जंगल से होते हरदी के समीप ग्राम रेकी के लाल मठिया पारा के पास पहुंच गए।

बस्तर की बेटी ने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया : फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम क्लीयर कर बनी डॉक्टर आशिफा

- चीन की यूनिवर्सिटी में किया एमबीबीएस का कोर्स

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर की बेटी ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत के दम पर अथक बस्तर के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ का नाम मान बढ़ाया है। इस बेटी ने चीन में एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम भी आसानी से क्लीयर कर लिया और भारत में कहीं भी मेडिकल प्रेक्टिस करने की पात्रता हासिल कर ली।

बचपन से ही पढ़ाई में तेज रही जगदलपुर निवासी आशिफा खान एफएमजीई पास कर डॉक्टर बन गई है। जगदलपुर निवासी मिरंजा खान की दूसरी बेटी आशिफा खान की प्राथमिक शिक्षा बाल विहार विद्यालय में हुई थी। तीन बहनों और एक भाई में दूसरे नंबर की आशिफा बचपन से ही पढ़ाई में तेज रही है, आशिफा खान ने चीन की हार्बिन मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। विदेशी मेडिकल डिग्री की मान्यता प्राप्त करने के लिए आशिफा को मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा आयोजित फॉरेन ग्रेजुएशन एग्जाम का सामना करना पड़ा। इस कठिन परीक्षा में भी आसानी से सफलता प्राप्त कर आशिफ ा भारत के किसी भी हिस्से में प्रेक्टिस करने की क्षमता रखने वाली डॉ. आशिफा खान बन गई। आशिफ ा खान के विदेशी डिग्रीधारी और मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त डॉक्टर बनने से जहां एक ओर परिजनों में खुशी की लहर है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम बिरादरी के साथ ही शहर में भी उल्लास है। डॉ. आशिफा खान ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। शहर की इस बेटी ने जगदलपुर शहर, बस्तर संभाग और समूचे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है।

मुख्यमंच पर चौथे दिन दूधमोंगरा के कलाकारों की शानदारी प्रस्तुति

- पद्म उषा बारले ने पंडवानी की दी प्रस्तुति
- मुख्यमंच पर दर्शक उठा रहे है सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त

राजिम (आरएनएस)। माघी पुन्नी मेला के चौथे दिन मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक बिखेरने के लिए हमारे छत्तीसगढ़ी पंडवानी गायिका पद्म उषा बारले ने कपालिका शैली में कुन्ती और गंधारी के बीच के संवादों को अपने अंदाज पर प्रस्तुति दी। उनकी हाव भाव को देखकर दर्शक भी मंच से बंधे रहे। उनकी इस अंदाज को देख कर बड़े बुजुर्ग दर्शक अपने बच्चे को पंडवानी की शैली से अवगत करा रहे थे। पंडवानी के समाप्ति पर सभी ने जोरदार तालियों से पद्म उषा बारले का स्वागत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में टिकेन्द्र वर्मा की प्रस्तुति रही जिसमें गणपति ल मनाओं... के पश्चात माँ जगत जननी को मनाने के लिए मंच पर जय माँ काली जय छत्तीसगढ़ महतारी... गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद जादू डारे अलबेरी नार की प्रस्तुति से दर्शकों को खुब आनंदित किया। लोक कलामंच के अंतिम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध त्यौहार छेरछेरा की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध दूध मोंगरा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति गणेश वंदना के साथ शुरूआत हुई। इसके बाद क्रमश: जय-जय हे दुर्गा माता, जय छत्तीसगढ़ महतारी... के पश्चात थईया-थईया नाचे मोर अंगना... जस गीत गाकर महौल भक्तिमय बना दिया। इसी के साथ बईगा जाति के द्वारा गायी जाने वाली गीत महुआ के लाटा, कोलार भाजी.... गीत की प्रस्तुति दी। कलाकारों की प्रस्तुति देख दर्शक भी अपने जगहों पर खुद झमने लगे। अगली कड़ी में पंथी गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद दूध मोंगरा का सबसे प्रसिद्ध गीत जिसे 1976 में गायी गयी गीत 'कनिहा म करधन अउ पांव म सांटी' की शानदार प्रस्तति दी। दूध मोंगरा लोकमंच के द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न सांस्कृतिक परम्पराओं को मंच पर नृत्य और गीत के माध्यम से ऐसी प्रस्तुति दी जिसे देख दर्शक को भी अहसास हुआ कि राजिम माघी पुन्नी मेला का ये विशाल मंच श्रीवास्तव में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का दर्शन कराता है। कार्यक्रम के अंत में संगीतमय नाट्य माटी के महतारी की प्रस्तुति दी गई। जिसे दर्शकों ने खुब आनंद लिया। कलाकारों का सम्मान स्थानीय जनपतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम समन्वयक पुरुषोत्तम चन्द्राकर और कार्यक्रम का संचालन निरंजन साहू ने किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैधैन्तिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU